Publication	Navbharat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02 (Gurgaon Times)
Date	26th August 2017

नवभारत टाइम्स

स्कॉटिश हाईस्कूल बना अंडर-14 फुटबॉल विजेता

ब्लॉक लेवल फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता टीम

■ **एनबीटी न्यूज, गुड़गांव :** अंडर-14 ब्लॉक लेवल फुटबॉल चैंपियनशिप में स्कॉटिश हाई स्कूल की टीम ने ब्लॉक स्तर पर जीत के साथ डिस्ट्रिक्ट लेवल में एंट्री कर ली है।

वजीरपुर स्थित फुटबॉल ग्राउंड में हुई चैंपियनशिप में 32 टीमों ने भाग लिया। फुटबॉल कोच दीपक झा ने बताया कि बॉयज कैटिगरी के सेमीफाइनल राउंड में पहला मैच स्कॉटिश हाई स्कूल और डीपीएस स्कूल-45 के बीच खेला गया। इसमें स्कॉटिश हाई स्कूल ने पैनल्टी शूटआउट में 5-4 के स्कोर से फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में हेरिटेज ने श्रीराम अरावली को 1-0 से मात देकर फाइनल खेला। फाइनल मुकाबले में स्कॉटिश हाई स्कूल ने हेरिटेज को 2-0 के स्कोर से जीतकर डिस्ट्रिक्ट लेवल की प्रतियोगिता में जगह पक्की कर ली है। वहीं गर्ल्स कैटिगरी के सेमीफाइनल में सनसिटी स्कूल की टीम ने ब्लू बेल्स को 1-0 हराया। दूसरे सेमीफाइनल में श्रीराम ने डीपीएस-45 को मात दी। फाइनल मुकाबले में श्रीराम स्कूल ने सनसिटी स्कूल को पैनल्टी शूटआउट में मात दी। 28 अगस्त से डिस्ट्रिक्ट लेवल पर चैंपियनशिप की शुरुआत होगी, जिसमें बॉयज और गर्ल्स दोनों ही कैटिगरी में मुकाबले होंगे।

Corporate Office: 212, 2nd Floor, JMD Regent Plaza, DLF Phase-1, Gurugram, Haryana-122001

● Mumbai ● Banglore ● Hyderabad ● Lucknow ● Chandigarh ● Noida ● Kolkata ● Jaipur ● Patna